हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 1 जुलाई 2024
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 कानून में नए विधान एक जुलाई से होंगे लागू...


07 जमीन के विवाद में हत्या करने वाले आरोपियों...


## खबर संक्षेप में

### मेंटेनेंस के चलते आज बंद रहेगी बिजली

**नलखेड़ा।** सोमवार को नगर के 11 केवी देवीजी फीडर का मेंटेनेंस होने के चलते इससे जुड़े क्षेत्र की बिजली सुबह 8 से 12 बजे तक बंद रहेगी। मप्र विद्युत वितरण कंपनी के स्थानीय प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को 11 केवी देवी जी फीडर का मेंटेनेंस प्लान प्रस्तावित है। जिसके कारण देवी जी, पीताम्बरा कॉलोनी, बस स्टैंड, हरिजन कालोनी, पुरानी मंडी, गवलीपुरा, विनोबा मार्ग, गणेश दरवाजा, मेन मार्केट, शिवाजी चौराहा, पिलवास कॉलोनी, आमला रोड़, हॉस्पिटल तरफ की बिजली सुबह 8 से 12 तक बंद रहेगी। प्रभारी ने बताया कि उक्त समय को आवश्यकता के अनुसार घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है।

### नलखेड़ा में अभी तक हुई मात्र 40 मिमी वर्षा

**नलखेड़ा।** आगर जिले में अभी तक नलखेड़ा तहसील में सबसे कम मात्र 40 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। क्षेत्र में किसानों को मानसून की वर्षा का इंतजार है जिसके बाद वे खरीफ फसल की बोवनी का कार्य प्रारंभ कर सके। जिले में इस वर्ष मानसून अवधि में अब तक 125.5 एमएम औसत वर्षा हो चुकी है। जिसमें तहसील आगर में 162 एमएम, बड़ौद में 171 एमएम, सुसनेर में 77 एमएम एवं नलखेड़ा में सबसे कम 40 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। नलखेड़ा तहसील क्षेत्र में अमूमन 15 से 25 जून के मध्य मानसून दस्तक दे देता है लेकिन इस वर्ष जून माह समाप्त होने के बाद भी मानसून ने क्षेत्र में दस्तक नहीं दी है। नतीजन अभी तक क्षेत्र में झमाझम वर्षा नहीं हुई है।

## प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को मंडल के मतदान केंद्रो पर सुना

# 'जो काम 10 वर्ष में अधूरे छूटे थे वह कार्य करने के लिए हम कटिबद्ध हैं'





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रथम प्रसारण रविवार को नलखेड़ा मंडल के सभी मतदान केंद्रों पर सुना गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया ने बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण रविवार को हुआ जिसे नलखेड़ा मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केंद्रो पर पार्टी कार्यकर्ता, नागरिकों और ग्रामीण जन ने साथ बैठकर टीवी, रेडियो या मोबाइल के माध्यम से सुना गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 111वें एपिसोड में टी-20 विश्व कप विजेता टीम को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि जो काम 10 वर्ष में अधूरे छूटे थे वह कार्य करने के लिए हम कटिबद्ध हैं। अनेक काम ऐसे छूटे हैं जिसकी भारत को सख्त आवश्यकता है। जो आप हम सभी को मिलकर सभी कार्य अति शीघ्र पूर्ण करने हैं। विश्व में भारत की सैन्य शक्ति काफी बढ़ गई है, महंगाई दर कम हुई है।

### भैसोदा में ग्रामीणों के साथ सुना कार्यक्रम



तहसील के ग्राम भैसोदा में मन की बात कार्यक्रम के 111वे एपिसोड में बुथ नंबर 220 पर जिला मंत्री मुकेश लोढ़ा, वरिष्ठ नेता मथुरालाल सरपंच, मंडल महामंत्री विरमलाल मालवीय, नाथुलाल परमार, गोवर्धन पाटीदार, गिरीराज बद्री पाटीदार, श्याम सुंदर सुरेश परमार, बंशीलाल पाटीदार अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम को सुना गया।

### कार्यक्रम को एलईडी के माध्यम से देखा

प्रधानमंत्री मोदी के 111 वें एपिसोड में मन की बात कार्यक्रम नगर के बूथ क्र 198 वार्ड 13 मे भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक लोढ़ा,दिलीप सकलेचा के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित भारतीय कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को एलईडी के माध्यम से देखा एवं सुना गया। वार्ड क्रमांक 2 बूथ नंबर 199, वार्ड क्रमांक 3 बूथ क्रमांक 187 के कार्यकर्ताओं द्वारा मोदी जी के मन की बात को सुना गया। भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मोहनलाल नागर, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुन्ना लाल गवली, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री अर्चना नागर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा रेडियो के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम को सुना।

## क्रिकेट प्रेमियों ने मनाया विश्व कप जीत का जश्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

टी-20 विश्व कप की जीत का जश्न क्रिकेट प्रेमियों द्वारा आधी रात को आतिशबाजी कर मनाया गया। शनिवार देर रात जैसे ही भारत ने टी-20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हराया वैसे ही नगर में क्रिकेट प्रेमियों ने जश्न मनाना प्रारंभ कर दिया। विश्व कप में भारत की जीत होते ही क्रिकेट प्रेमी हाथों में तिरंगा लेकर आतिशबाजी कर जश्न मनाने लगे। चौक बाजार में युवाओं द्वारा इकठ्ठा होकर जमकर आतिशबाजी की गई एवं भारत माता के जयकारे लगाए गए।

### अभाविप ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**नलखेड़ा।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में छात्रों से अभद्रता व विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन मप्र द्वारा बीकॉम तृतीय वर्ष के पेपर एफसी-1 लैंग्वेज कल्चर (हिंदी व इंग्लिश) के अत्यधिक छात्रों को सप्लमेंट्री दी गई है। जिसको लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर ने महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान जिला कला मंच प्रमुख मनीष चौबे, नगर महाविद्यालय प्रमुख विनय प्रजापति, महाविद्यालय सह प्रमुख कुलदीप चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अध्यक्ष बंजारा ने मां बगलामुखी के दर्शन कर हवन पूजन किया



**नलखेड़ा।** अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ जनजाति विकास अभिकरण (केबिनेट मंत्री दर्जा) बाबूलाल बंजारा ने शनिवार को नलखेड़ा पहुंचकर मां बगलामुखी के दर्शन किए तथा मंत्रोच्चार एवं विधि विधान से हवन पूजन किया गया।



### सुहानी शाम और पंख फैलाकर मोर का नाचना निहारते रहे लोग

**नलखेड़ा।** चाहे नगर में मानसून की वर्षा का इंतजार हो, लेकिन प्रतिदिन बादल छाने के चलते शाम को मौसम सुहाना जरूर हो रहा है। इसी सुहाने मौसम में जंगल में मोर अपने पंख फैलाकर नृत्य कर रहा हो तो वह दृश्य अद्भुत बन जाता है। ऐसा ही दृश्य प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर की पहाड़ी के नीचे एक कृषक के कुएं पर दिखाई दिया। जहां मोर-मोरनी का जोड़ा विचरण कर रहा था। अचानक मोरनी को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए मोर ने पंख फैलाकर नृत्य करना प्रारम्भ कर दिया। इस अद्भुत दृश्य को देखने के लिए जंगल में चंद किसान उपस्थित थे। जिनमें से कुछ के द्वारा इन दृश्यों को अपने मोबाइल में भी कैद कर लिया। वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि मोरनी-मोर के आसपास इठलाते हुए घूम रही है और मोर आकर्षक नृत्य कर उसे अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास कर रहा है।

## शांतिनाथ महामंडल विधानः इंद्र-इंद्राणियों ने श्रीजी का अभिषेक कर अर्ध समर्पित किए

### सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

विश्व शांति के लिए तीन दिवसीय शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन सकल दिगंबर जैन समाज नलखेड़ा द्वारा शनिवार से प्रारंभ किया गया है। जिसमें मंडल विधान पूजन के साथ विभिन्न धार्मिक का आयोजन किए जा रहे हैं। चौक बाजार स्थित 1008 श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में तीन दिवसीय शांतिनाथ महामंडल विधान के द्वितीय दिवस मंदिरजी में सर्वप्रथम मूल नायक भगवान का अभिषेक हुआ जिसका सौभाग्य भरत कुमार प्रेमचंद पांडिया परिवार को प्राप्त हुआ। शांति धारा करने का सौभाग्य कमल सीमा सोगानी को उनकी 25वीं विवाह वर्षगांठ के अवसर पर प्राप्त हुआ। तत्पश्चात शांतिनाथ महामंडल विधान की पूजन प्रारंभ हुई, जिसमें इंद्र - इंद्राणियों द्वारा स्थापना एवं अर्ध समर्पित किए गए। शाम को श्रीजी की संगीतमय आरती एवं शास्त्र प्रवचन हुए।



शास्त्र प्रवचन के बाद कल्याण मंदिर स्त्रोत का वाचन हुआ महामंडल विधान के तीसरे दिन आज विश्व शांति हेतु हवन होगा उसके पश्चात महामंडल विधान का विसर्जन होगा। समाज के शैलेंद्र जैन ने बताया कि 29 जून से 1 जुलाई तक श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर विश्व शांति के लिए तीन दिवसीय शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन सकल दिगंबर जैन समाज नलखेड़ा द्वारा प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि धार्मिक आयोजन के तहत मूलनायक भगवान का अभिषेक, शांति धारा, नित्य नियम पूजन के साथ विधान की पूजन की जा रही है। 1 जुलाई को कार्यक्रम के पश्चात हवन शांति होगी एवं प्रसादी का वितरण होगा। उक्त कार्यक्रम पंडित मुकेश जैन सुसनेर के सानिध्य में संपन्न हो रहा है।



**खबर संक्षेप**

### योजना का लाभ दिलाने सोनकच्छ में शिविर कल

**देवास।** महाप्रबंधक उद्योग मंगल रैकवार ने बताया कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना एवं अन्य स्वरोजगार योजनाओं के अधिक से अधिक ऋण प्रकरण तैयार करने के लिए विकासखंडवार शिविर आयोजित किये जा रहे है। स्वरोजगार योजनाओं के अधिक से अधिक ऋण प्रकरण तैयार करने के लिए विकासखण्ड सोनकच्छ में जनपद पंचायत सभाकक्ष सोनकच्छ में 02 जुलाई को शिविर का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनान्तर्गत 03 प्रतिशत ब्याज अनुदान एवं शासन द्वारा निर्धारित गांरटी शुल्क की प्रतिपूर्ति की पात्रता रहेगी। उद्योग स्थापित के लिए 50 लाख तक ऋण तथा सेवा एवं व्यवसाय के लिए 25 लाख तक ऋण की पात्रता रहेगी। ऐसे आवेदक जो कक्षा आठवीं उत्तीर्ण हो एवं स्वंय का उद्योग, सेवा व्यवसाय प्रांरभ करना चाहते है। वे शिविर स्थल पर अपनी अंकसूची, मूल निवासी प्रमाण-पत्र, पेनकार्ड, आधारकार्ड सहित उपस्थित होकर ऋण प्रक्रियां की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना एवं अन्य स्वरोजगार योजनाओं के अधिक से अधिक ऋण प्रकरण तैयार करने के लिए विकासखण्ड बागली में शिविर 03 जुलाई को जनपद पंचायत सभाकक्ष बागली, विकासखण्ड कन्नौद में शिविर 04 जुलाई को जनपद पंचायत सभाकक्ष कन्नौद, विकासखण्ड खातेगांव में शिविर 05 जुलाई को जनपद पंचायत सभाकक्ष खातेगांव और विकासखण्ड टोंकखुर्द में शिविर 08 जुलाई को जनपद पंचायत सभाकक्ष टोंकखुर्द में आयोजित होगा।

### देवास मोहर्रम कमेटी की बैठक आज

**देवास।** शहर सीनियर काजी मौलाना इरफान अहमद अशरफी की सरपरस्ती में मोहर्रम कमेटी की बैठक आयोजित की जाएगी। कमेटी के अध्यक्ष हाजी लियाकत हुसैन मिलन ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 जुलाई सोमवार को रात्रि 9.30 बजे ईशा की नमाज के बाद शाही जामा मस्जिद बड़ा बाजार देवास में मोहर्रम कमेटी की बैठक आयोजित की जाएगी।

### पुलिस के आला अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को दिए हेलमेट

# कानून में नए विधान एक जुलाई से होंगे लागू, पुलिसकर्मियों को दिया प्रशिक्षण

नए नियम 12 बजे बाद से प्रारंभ हो जाएंगे। सभी पुलिसकर्मियों को इसके लिए ट्रेनिंग दी गई है। रविवार को परेड ग्राउंड पर प्रश्न-उत्तर सेशन रखा गया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस लाइन मैदान में रविवार को शहर के सभी पुलिस कर्मियों को हेलमेट बांटे गए। इसके बाद पुलिसकर्मी एक साथ दो पहिया वाहनों से निकले। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने बताया कि लगातार देखने में आ रहा था कि पुलिसकर्मी हेलमेट का उपयोग कम कर रहे हैं ऐसे में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, इसके चलते यह हेलमेट वितरित किए गए हैं और जो पुलिसकर्मी छूट गए हैं उन्हें भी हेलमेट दिए जाएंगे साथ ही हेलमेट लगाने के निर्देश भी दिए हैं। इसके साथ ही आगामी दिनों में आम लोगों को भी हेलमेट के प्रति जागरूक किया जाएगा।

#### आज से नए नियम होंगे शुरू

एएसपी भदोरिया ने बताया कि नए नियम 12 बजे बाद से प्रारंभ हो जाएंगे। सभी पुलिसकर्मियों को इसके लिए ट्रेनिंग दी गई है। आज परेड ग्राउंड पर प्रश्न-उत्तर सेशन रखा गया था। जो आरक्षक है, बीट प्रभारी व थाना प्रभारी सभी को समय-समय पर प्रावधानों के बारे में आवश्यकता पड़ती है। पूर्व से बीट सिस्टम निर्धारित है। नए नियमों व कई धाराओं के बारे में आज पुलिसकर्मियों का सेशन रखा गया था। दरअसल रविवार को पुलिस लाईन में सभी थानों के थाना प्रभारियों के साथ पुलिस कर्मियों की एक बैठक एडिशनल एसपी व सीएसपी ने ली। यहां पर 1 जुलाई से कानून में नए विधान लागू होने वाले हैं उसको लेकर पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ बारिश के चलते व सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कर्मियों को हेलमेट का वितरण किया गया। पुलिस लाईन में शहर के पांचों थानों के प्रभारियों के साथ बल को एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया, सीएसपी दिशेष अग्रवाल ने प्रशिक्षण दिया। इसके बाद सभी पुलिसकर्मियों को सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट का वितरण किया। एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक का काफी समय से विचार था, कि पुलिस कर्मचारी हेलमेट का उपयोग कम कर रहे हैं। पूर्व में हेलमेट नहीं होने पर घटनाएं भी हो चुकी है। पुलिस कर्मियों को समझाईश भी दी है साथ ही उन्हें हेलमेट का वितरण किया गया है। बारिश का मौसम है पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए है कि वह हेलमेट का उपयोग करें। वाहन नियंत्रित गति से ही चलाएं थानों पर हेलमेट के लिए लोगों को प्रेरित भी करें। कानून में नए विधान 1 जुलाई से लागू हो रहे हैं इसको लेकर



पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया था। कानून में लागू होने वाले प्रावधानों में परिचर्चा भी की गई थी। यह प्रक्रिया जिले के थानों पर भी लगातार चल रही है। आरक्षकों को बताया गया है कि किस प्रकार से गुंडो की चेकिंग की जानी है अपराधियों की लगातार चेकिंग होनी चाहिए। नए कानून के अंतर्गत कुछ नई धाराओं को समावेश हुआ है।

# वर्ल्डकप जीतने के बाद सड़कों पर उतरे शहरवासी

**देर रात तक मना जश्न**



**देवास।** जमकर हुई आतिशबाजी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

टी-20 क्रिकेट विश्वकप में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हरा दिया। टीम इंडिया के मैच जीतने की खुशी में शहरवासी सडक़ों पर उतर गए और पूरे शहर में उत्साह के साथ जमकर जश्न मनाया। स्थानीय सयाजीद्वार, इंदिरा गांधी चौराहा, उज्जैन चौराहा सहित शहर के विभिन्न हिस्सों में लोगों ने जमकर आतिशबाजी भी की। जिससे दिवाली जैसा नजारा नजर आया। टीम इंडिया की जीत के बाद से लोग अपने घरों से निकले और हाथों में भारतीय तिरंगा लिए जमकर देर रात तक जश्र मनाया गया। एबी रोड पर युवाओं की भीड़ के कारण जाम की स्थिति निर्मित होती रही। उत्साह से लबरेज युवाओं ने बताया कि टीम इंडिया ने अच्छी शुरुआत के साथ आखरी दम तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और टीम के सभी खिलाड़ी की एक जुटता से विश्व कप जीतने का मुकाम हासिल किया। हमें हमारी टीम पर गर्व है। बड़ी संख्या में शहरवासियों को सडक़ों पर देखकर पुलिस ने भी मोर्चा संभाला और देर रात को लोगों को अपने घर जाने की हिदायत दी।

# उप संचालक कनेरिया हुए सेवानिवृत्त, कार्यक्रम में दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कृषि उप संचालक आरपी कनेरिया के सेवानिवृत्त होने पर बालगढ़ रोड स्थित वरिष्ठ कृषि कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाल-श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंटकर अधिकारियों-कर्मचारियों सहित कृषकों ने स्वागत कर उन्हें विदाई दी।इस अवसर पर मप्र शासन से सम्मानित छोटी चुरलाय के युवा कृषक धर्मेंद्रसिंह राजपूत ने संबोधित करते हुए कहा, कि कनेरिया किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहते थे। उनकी सलाह बेहद ही उपयोगी साबित होती थी। जैविक खेती, मिट्टी परीक्षण, प्रमाणित बीज, रेजबेड पद्धति को लेकर भी वे समय-समय पर किसानों का मार्गदर्शन करते रहे। हमें उम्मीद हैं, कि वे आगे भी हम किसानों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।कनेरिया ने भिंड, भोपाल, बड़वानी, धार, आगर, देवास आदि स्थानों पर अपनी सेवा दी। लगभग 36 साल की सेवा के बाद वे सेवानिवृत्त हुए। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, उज्जैन-इंदौर संभाग के जेडीए आलोक मीणा, कृषि विभाग के सहायक संचालक लोकेश गंगराड़े, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एके बड़ाया, जवाहरलाल नेहरू कृषि विवि के पूर्व कुलसचिव एके हिंगले, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राहुल जयसवाल सहित कई जिलों के अधिकारी-कर्मचारी एवं किसान उपस्थित थे।

# अच्छी बारिश की कामना को लेकर किया पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

क्षेत्र के प्रसिद्ध पहाड़ी पर स्थित कांगरियादेव का पुजन रविवार के दिन किया गया। ग्राम छतरपुरा के चंपालाल पाटीदार ने बताया कि प्राचीन प्रसिद्ध कांगरिया देव का पूजन ग्रामीणों द्वारा किया गया है। इस दौरान ऊंची पहाड़ी पर चढ़कर सभी ग्रामीणों देव स्थल पहुंचे और पूजा अर्चना की।क्षेत्र में अच्छी बारिश की कामना की गई, बताया जाता है कि क्षेत्र में जब भी बारिश के सीजन में बारिश नहीं होती है तो कांगरिया देव पहाड़ी पर पहुंचकर सच्चे भाव से जो भी पूजा अर्चना करता है और बारिश की कामना करता है तो बारिश अवश्य होती है, और उसी के लिए ग्राम छतरपुरा के ग्रामीणों ने यह पूजन किया।

# शिक्षक बनकर जीवन में संतुष्टि प्राप्त की: राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




शिक्षक बनकर मैंने अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन कर हमेशा संतुष्टि ही प्राप्त की। उक्त विचार शिक्षक संवर्ग के प्रथम सेवानिवृत्त शिक्षक आनंद राठौर ने व्यक्त किए।शिक्षक संवर्ग जिनमें वो लोग आते हैं जिन्हें सेवानिवृत्त होने के उपरांत पुरानी पेंशन आदि नहीं मिलना है उसी संवर्ग से संबंधित पहले प्राथमिक शिक्षक आनंद राठौर की सेवानिवृत्ति पर शासकीय कन्या हाई स्कूल पर संकुल स्तरीय विदाई समारोह समिति के द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर राठौर को आत्मीय विदाई प्रदान की गई।समारोह संकुल प्राचार्य पं वासुदेव जोशी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। वरिष्ठ शिक्षक प्रकाश व्यास,ओम यादव,विक्रम परमार, हेमेंद्र शिवहरे,मनोहर मानधन्या, शिक्षक संवर्ग के पं राकेश नागौरी, महेश गोस्वामी, इन्दर गोठी, सरोज जौहरी,नेहा राठौर, सुनिल पाटीदार, सत्येन्द्र भाटिया, आबिद खान, लोकेंद्र परिहार आदि ने शिक्षक साथियों की ओर से साफा व पुष्पमाला पहनाकर, शाल-श्रीफल और उपहार भेंट कर आत्मीय अभिनन्दन किया। नागौरी ने शिक्षक संवर्ग के दर्द को उजागर करते हुए कहा है कि जिंदगी भर अपना सबकुछ समर्पित कर एक शिक्षक खाली हाथ लौट रहा है और शिक्षक को पुजनीय मानने वाले समाज और देश में शोभा नहीं देता है। आप सहित सभी वक्ताओं ने शासन से पुरानी पेंशन व्यवस्था शीघ्र लागू करने की भी अपील की। संचालन समिति की ओर से संकुल सह समन्वयक वारिस अली ने किया तथा आभार जोशी ने माना। अंत में सभी शिक्षक वाहन रैली के रूप में निज निवास पर आयोजित समारोह में उपस्थित हुए। राठौर की संस्था एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय अम्बापानी में भी भव्य समारोह इस अवसर पर संपन्न किया गया।

# लायंस क्लब का संस्थापन समारोह हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




लायंस क्लब ऑफ देवास सिटी का चार्टर नाइट एवं संस्थापन समारोह स्थानीय खेड़ापति इंटरनेशनल होटल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी मंजू बाला जैन, संस्थापन अधिकारी पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन रश्मि गुप्ता एवं रीजन चेयरपर्सन लायन महावीर गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के स्थापना अधिकारी लायन रश्मि गुप्ता द्वारा अध्यक्ष लायन प्रमोद गुप्ता, सचिव लायन मनोज बिंदल, कोषाध्यक्ष लायन अनिल नागर सहित पूरी कार्यकारिणी को पीड़ति मानव की सेवा कार्य करने हेतु पदीय दायित्व की शपथ दिलाई गई। अतिथियों का परिचय लायन आरसी पालीवाल एवं लायन डॉ. आरसी शर्मा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में ध्वज वंदना पूर्णिमा बिंदल एवं स्वागत भाषण पूर्व अध्यक्ष लायन औसाफ कुरैशी द्वारा दिया गया। क्लब का चार्टर वाचन लायन डॉ जेएस यादव द्वारा किया गया। लायन रश्मि गुप्ता द्वारा शपथ विधि समय का महत्व बताते हुए घड़ी की थीम पर करवाई। उन्होंने बताया, कि समय पर की गई सेवा ही महत्वपूर्ण है। अतिथियों का सम्मान शाल-श्रीफल द्वारा लायन डॉ केके धूत एवं नीलकमल गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन किरण धूत एवं रेणु शर्मा ने किया। आभार लायन मनोज बिंदल ने माना। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष लायन मनोहरलाल डाबी, मांगीलाल अग्रवाल, डॉ. प्रकाश गर्ग, डॉ. योगेश वालिंबे, दिनेश माहेश्वरी, ओमप्रकाश बंसल, राजेश शास्त्री, भगवान गोयल, एसके गुप्ता, सुरेश परवाल, सलमा कुरैशी एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के गणमान्य सदस्य भी उपस्थित थे।

### शा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का मिला दर्जा

# प्रधानमंत्री कॉलेज का सीएम यादव आज करेंगें वर्चुअल उद्घाटन





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

श्री कृष्णाजीराव पवार शा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान किया गया है। जिसका वर्चुअल उद्घाटन आज 1 जुलाई को मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। इसी के तहत सत्र 2024-25 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार दिनांक 1 से 3 जुलाई तक दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एस. अनारे एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मनीष पारीक के मार्गदर्शन में समारोह के प्रथम दिवस में विद्यार्थियों के लिए पंजीकरण एवं उद्घाटन समारोह तथा विभिन्न संकाय के विभागों का परिचय एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी के साथ महाविद्यालय परिसर का अवलोकन कराया जाएगा। इसी क्रम में 2 जुलाई 24 को शैक्षणिक दिशा निर्देशों के साथ ग्रंथालय, कॅरियर परामर्श प्रकोष्ठ, का परिचय होगा। शासन द्वारा प्रदत्त विभिन्न छात्रवृत्तियों की जानकारी भी दी जाएगी। व्याख्यान के माध्यम से भारतीय ज्ञान परम्परा को विद्यार्थियों के समक्ष रखेंगें। 3 जुलाई को विद्यार्थियों को जीवन और सहायता प्रणाली कार्यक्रम के अंतर्गत मौलिक कर्तव्यों, कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न रोकथाम निषेध अधिनियम तथा साइबर और बौद्धिक सम्पदा अधिकार की जानकारी दी जाएगी। एन.सी.सी., एन.एस.एस इकाई का परिचय, छात्र आचार-संहिता, समय-प्रबंधन जैसे बिंदुओं पर प्रकाश डाला जाएगा। दूरभाष के माध्यम से विद्यार्थियों की अधिकाधिक उपस्थिति हेतु महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सूचना दी गई है। इस कार्यक्रम में पूर्व छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ ही त्रि-दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का समापन किया होगा।

# कानूनगो 65 वर्ष की आयु में हुए सेवानिवृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

बीते 45 वर्षों से नगर कमलापुर पोस्ट ऑफिस में पोस्ट मास्टर के रूप में अपनी सेवा दे रहे दीपक कानूनगो शनिवार को अपनी सेवा से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर ग्रामीण डाक सेवक के यूनियन सेक्ट्री कल्याण सिंह तोमर ने शाल श्री फल से अभिनंदन किया। साथ ही इतने साल तक किए कामों का ज़क्रि भी किया। इस अवसर पर बागली पोस्ट ऑफिस के पोस्टमास्टर नितेश कुमार चौहान दिलीप बाबू, संतोष दास वैष्णव, कमल जायसवाल, पुर्व पोस्ट मास्टर सिद्धु वैष्णव, सरजूदास मालवीय, रमेश मेसरिया, कमल कानूनगो, लक्ष्मीचंद विश्वकर्मा और सभी गांव के नागरिक और ग्रामीण डाक सेवक संघ ने बधाई दी और आगामी जीवन की मगलकमना की। सभी का आभार कमलापुर पोस्टमेंन रमेश मेसरिया ने माना।

**खबर संक्षेप**

### एक जुलाई को होगा दीक्षारंभ समारोह

**जावर।** 1 जुलाई 2024 से 3 जुलाई 2024 तक शासकीय महाविद्यालय जावर नगर जिला सीहोर में सत्र 2024-25 में बी.ए. प्रथम वर्ष में नवप्रवेशित विद्यार्थियो के लिए दीक्षारंभ समारोह के अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बी.ए. प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियो के साथ - साथ वरिष्ठ छात्र व अतिथि गण उपस्थित रहेंगे।

### रिकवरी एजेंट पर मारपीट का आरोप

**सीहोर।** सीहोर जिले की आष्टा तसहील क्षेत्र में एक फायनेंस कंपनी के लोगों पर गाली गलौंच के तहत मामला पंजीबद्ध हुआ है। फायनेंस कंपनी के तीन लोगों पर आरोप है कि उन्होंने गांव में पहुंचकर किश्त बसूली के नाम पर मारीपट की और उन्हें जाति सूचक गालियां दीं। पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है। दरअसल आष्टा क्षेत्र की धुराडा कलां के बलवान ने अरमान फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंटों पर सिद्धिकगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने अरमान फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंट जितेंद्र मेवाडा, विनोद धनगर, सचिन धनगर पर मारपीट और गाली गलौंच का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अरमान फाइनेंस कंपनी से पर्सनल लोन लिया था, जिसकी किश्तें वह रेगुलर भर रहा था। जून महीने की 4370 रुपए की किश्त नही भर पाया। इस पर अरमान फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंटों ने बलवान सिंह के साथ मारपीट कर उसे जातिगत गलियां दी। सिद्धिकगंज थाने में मामला पंजीबद्ध कर पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है।

### सोयाबीन के भाव में गिरावट जारी

**आष्टा।** इस समय नगर की किसी उपज मंडी में आवक में लगातार कमी हो रही थी, लेकिन शुक्रवार को तेजी देखी गई। इसकी वजह यह है कि किसान इस समय बोवनी के कार्य में लगा हुआ है। जिन किसानों के सोयाबीन बोवनी करने के बाद बच गए हैं।

फरियादी गंभीर रूप से हो गया था घायल, उपचार के दौरान हुई थी मौत

# जमीन के विवाद में हत्या करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

27 जून के जावर तहसील के ग्राम कान्या खेड़ी में मेढ पर पत्थर जमाने के विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी द्वारा जिले में फरियादी की रिपोर्ट पर तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों पर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए हैं इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग एवं आकाश अमलकर एस डी ओ पी आष्टा के मार्गदर्शन में थाना जावर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए फरियादी अर्जुन पिता मोहन सिंह सेंधव 35 साल निवासी कान्या खेड़ी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की गिरफ्तारी करने में सफलता प्राप्त की।

27 जून को ग्राम कान्या खेड़ी में मेड पर पत्थर जमाने के विवाद को लेकर दो पक्षों में लड़ाई झगड़ा हुआ जिसकी रिपोर्ट हेतु दोनों पक्ष थाना उपस्थित हुए यह कि फरियादी अर्जुन पिता मोहन सिंह सेंधव उम्र 35 साल निवासी कान्या खेड़ी का अपने परिजन अर्जुन सिंह पिता मोहन सिंह, पुष्पेंद्र पिता चेतन सिंह, शुभम पिता चेतन सिंह, चेतन पिता मोहन सिंह, बलवान पिता मोहन सिंह के साथ रिपोर्ट हेतु थाना उपस्थित आए जो फरियादी वह मजरुबो को मारपीट में आई चोटों की प्रकृति की जानने हेतु सभी का मेडिकल परीक्षण फॉर्म भरकर सिविल अस्पताल जावर भेजा गया। जहां डॉक्टर द्वारा सभी का मेडिकल परीक्षण किया गया बाद मेडिकल परीक्षण के रिपोर्ट हेतु थाना लेकर आए।

जिस पर से फरियादी अर्जुन सिंह सेंधव की रिपोर्ट पर आरोपी लखन सिंह पिता प्रहलाद सिंह जाती सेंधव निवासी कान्या खेड़ी, रामसिंह पिता प्रहलाद सिंह जाती सेंधव,सोभाल सिंह पिता प्रहलाद सिंह जाती सेंधव, विजेंद्र सिंह पिता प्रहलाद सिंह जाती सेंधव, पिंटु उर्फ शिवनारायण पिता सोभाल सिंह जाती सेंधव, गोपाल सिंह पिता सोभाल सिंह जाती सेंधव, अरविंद सिंह पिता लखन सिंह जाती सेंधव निवासीगण कान्याखेड़ी के विरुद्ध प्रथम दृष्टया अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। दौराने विवेचना प्रकरण में मजरुब बलवान पिता मोहन सिंह की मृत्यु हो जाने से प्रकरण में हत्या का अपराध का इजाफा किया जाकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया व घटना में प्रयुक्त कर को जब्त कर 07 नफर आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया जहां से सभी को जेल भेजा गया। वही अन्य घायलों का उपचार किया जा रहा है।

# पानी निकासी नहीं होने से फसल हो रही खराब

खेतों में जमा हो रहा पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कुण्डिया नाथू में किसानों की फसल हो रही नष्ट नहीं है पानी निकासी की व्यवस्था ग्रामीणों का कहना है कि अगर खेतों के दोनों तरफ नाली बनवाई जाए तो हमारी फसल खराब होने से बच जाएगी किसान विक्रम सिंह ने बताया कि मेने मेरे खेत में जो सोयाबीन की फसल बोई थी वह पूरी तरह नष्ट हो चुकी है बड़ी मुश्किल से बीज का इंतजाम किया था और बोवनी की थी लेकिन यह हालत रही तो मेरी फसल बची हुई है वो भी पूरी तरह से नष्ट हो जाएगी। गांव के सरपंच राजा ठाकुर ने बताया कि 2 वर्ष पहले गांव में कलेक्टर आए थे उन्होंने बोला था कि खेतों के दोनों तरफ नाली बनवाई जाएगी लेकिन अभी तक कोई आदेश नहीं आया और न ही अधिकारियों ने इस और ध्यान दिया कलेक्टर ने बोला जरुर था लेकिन किया नहीं पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है दोनों तरफ नाली बनाई जाए तो ही पानी की निकासी हो पाएगी नहीं तो किसानो की फसल खराब हो जाएगी अभी तो बारिश सिरु हुई है तो यह हालत है आगे क्या होगा। किसानों का कहना है कि अधिकारियों और सरकार को इस और ध्यान देना चाहिए नहीं तो हमारी फसल नष्ट हो जाएगी रास्ता उंचा होने के कारण इससे करीब दो सालों से किसानों की फसल हो रही नष्ट जलमग्न हो जाती है किसान विक्रम सिंह, गंगाराम, गजराज सिंह, संतोष, आनंद, बहादुर सिंह, ओमप्रकाश आदि किसानों ने बताया।

## उत्कृष्ट कार्य करने पर कर्मचारियों का किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने में उत्कर्ष कार्य करने वाले कर्मचारियों का कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत खाचरोद में 80 प्रतिशत मतदान होने पर ग्राम के सचिव लखन वर्मा, रोजगार सहायक सुनील जाट, शिक्षक बाबूलाल पेरवाल मुद्रडा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आरती जाट, सहायिका सुधा सोनी, राजल मालवीय, कोटवार प्रेम सिंह, सुखराम सिंह को कलेक्टर द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशंसा पत्र पाने वाले सभी कर्मचारियों को सरपंच शंकर पटेल जाट द्वारा बधाई व शुभकामनाए दी गई।

# अघोषित बिजली कटौती से रहवासियों में आक्रोश

## मंडी चौराहे पर चक्काजाम कर लगाए नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नगर के मंडी क्षेत्र में लगातार हो रही आघोषित बिजली कटौती से नागरिकों के सब्र का बांध टूट गया है। मध्य रात्रि को क्षेत्र के लोगों ने चक्का जाम कर विद्युत वितरण कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नगरीय क्षेत्र सीहोर में इन दिनों बिजली संकट तेजी से गहराता जा रहा है।

ज्यादातर इलाकों में घोषित के साथ और घोषित बिजली कटौती भी की जा रही है। हालांकि, मंडी क्षेत्र ऐसा क्षेत्र है जहां सर्वाधिक बिजली कटौती हो रही है। विशेष कर रात के समय कई दिनों से लगातार रुक-रुक कर घंटे तक घोषित कटौती की जा रही है। जिससे क्षेत्र के लोगों में विद्युत वितरण कंपनी के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पिछले दिनों क्षेत्र के नागरिकों ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को ज्ञापन की सौंपा था। तब उन्हें आश्वासन दिया गया था कि रात को अघोषित कटौती नहीं की जाएगी। हालांकि, बीती रात फिर से कई घंटे तक मंडी क्षेत्र में बिजली व्यवस्था ठप रही। जिससे नाराज लोगों ने क्षेत्र में चक्का जाम कर जमकर नारेबाजी की। मामले में विद्युत वितरण कंपनी का कहना है कि अति आवश्यक सुधार कार्य आ जाने के कारण बिजली कटौती की जाती है।

# क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ विधायक ने उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर किया पौधरोपण





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। जिसमें विधायक ने स्वास्थ्य केंद्र को चेक किया।

स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी से भी इस संबंध में बात की गई। वहीं इस अवसर पर ग्राम के अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रताप जाट, पूर्व जनपद अध्यक्ष जिले के महामंत्री धारा सिंह पटेल, पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष पूर्व सरपंच लक्ष्मी नारायण वर्मा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह धारवा, भाजपा नेता पंकज सेन, अरुण श्रीवास्तव, सरपंच महेंद्र सिंह काजले, उप सरपंच नंदकिशोर बागवान, पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष व पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण वर्मा, गायत्री परिवार आष्टा से गोपाल सिंह परमार, चंद्र सिंह सुनानिया, बद्री प्रसाद, शंकर लाल विश्वकर्मा, चेतन पटेल, अर्जुन जसवाल, अवदेश परमार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी, जयपाल जाजपुरिया, बाबू लाल गहरवाल, सुमन अहिरवाल, धीरज ठाकुर, राहुल सोलंकी व समस्त स्टाफ रहा। वही ग्रामीणों द्वारा विधायक से मांग की विद्युत मंडल का फिडर अलग किया जाए। जिससे बार-बार गांव में विद्युत कटौती होती है वह नहीं होगी।

स्वास्थ्य केंद्र के तहत आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र हैं यहां पर महिला डॉक्टर नहीं है। एक महिला डॉक्टर बहुत जरूरी है। उसे तत्काल पूरा किया जाए। पत्रकारों ने विधायक से पूछा आपने निरीक्षण किया तो इसमें क्या पाया विधायक ने कहा सारी व्यवस्थाएं सही से चल रही हैं। स्टाफ की कमी है उसको पूरा किया जाएगा। टीन सेट बेकार है उसको नया लगाया जाएगा। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी माता के नाम से एक-एक पौधा अवश्य लगाए। हमारे जीवन में पौधे की अधिक महत्वता है। इस महत्वता को समझे और प्रत्येक व्यक्ति एक-एक पौधा अवश्य लगाए। पौधे लगाने के बाद हमे उसकी सुरक्षा भी करनी होगी, तकि वह पेड बन सके।

### अध्यक्ष नियुक्त होने पर आदेश का विधायक ने किया स्वागत

आष्टा। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने नवनियुक्ति होटल व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश शर्मा का विधायक कार्यालय पर स्वागत किया। नवीन कार्यकारिणी में महामंत्री मन ठाकुर व कोषाध्यक्ष दिलीप यादव का स्वागत कर बधाई दी। होटल व्यापारी संघ ने भी विधायक का शाल श्रीफल से सम्मान कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर होटल व्यापारी संघ के नानू राठौर, सुनील मेवाड़ा, पवन जैन, संजू जैन, पंकज नाकोड़ा, राजू राठौर, धर्मेंद्र यादव, दिलीप यादव, अभिषेक, अतुल पचलासिया, महेश राठी, गोलू तिवारी, विक्रम मेवाड़ा, बलराम मेवाड़ा आदि मौजूद थे। आभार होटल व्यापारी संघ के महामंत्री मन ठाकुर ने व्यक्त किया।

# नपा के वाचनालय में घुसा पहली बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




आष्टा नगर में स्थित पुराना बस स्टैंड पर बने नगर पालिका के वाचनालय में पहली बारिश में अंदर पानी घुस गया। वहीं चारों ओर कीचड़ ही कीचड़ हो गया। जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी आ रही है। वाचनालय में पानी और कीचड़ होने के कारण लोग बैठ नहीं पा रहे हैं। इसी तरह पुराने बस स्टैंड का पार्क है। वहां भी अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर रखा है। पार्क कबाड़े के सामान से भरा हुआ है। कई महीनों से साफ सफाई नहीं होने के कारण अब जहरीले सांप पनपने लगे हैं। लोगों को उक्त पार्क में आना जाना बंद हो गया है। यहां पर कहने को तो पानी की टंकी है, लेकिन उसमें पानी नहीं है। इसलिए लोगों को यहां वहां पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। नगर पालिका इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।

असिस्टेंट डायरेक्टर सलोनी शर्मा ने किया शासकीय हाई सेकंडरी विद्यालय का निरीक्षण

# शिक्षकों को बच्चों की उपस्थिति और नामांकन बढ़ाने के दिए निर्देश





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

शुक्रवार को शिक्षा विभाग की असिस्टेंट डायरेक्टर सुश्री सलोनी शर्मा द्वारा कोठरी के शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान एक शिक्षिका श्रीमती मनीषा शुक्ला अनुपस्थित मिली। तथा कुछ शिक्षक कलेक्टर द्वारा आयोजित 80% ज्यादा मतदान होने पर सम्मान कार्यक्रम में आष्टा गए हुए थे। श्रीमती शर्मा द्वारा कक्षा 8वी में अध्यापन कार्य भी करवाया और उन्होंने बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं नामांकन बढ़ाने के साथ साथ समस्त शिक्षकों को समय पर विद्यालय में आने हेतु भी निर्देश दिए । जहां तक कारण बताओ नोटिस का सवाल है तो प्राचार्य श्री मति तिर्की का कहना हे इस तरह का कोई नोटिस मुझे वा मेरे विद्यालय के किसी शिक्षक और शिक्षिका को नही मिला है। प्राचार्य श्री मति तिर्की से जब उपस्थिति और मुख्यालय पर रहने के संबंध में जानकारी ली तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया की में स्कूल रोजाना समय पर आती हू,मेरे सभी शिक्षक भी समय पर ही आते हैं, निरीक्षण के दौरान शिक्षक गण आष्टा कलेक्टर साहब के सम्मान समारोह में गए थे,एक शिक्षिका की अनुपस्थिति का प्रश्न है तो ने कार्यालीन स्तर पर जानकारी लूंगी,की वह स्कूल आने में लेट क्यों हुई।

# पुलिस ने अभियान चलाकर किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग के निर्देश में और एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में सिद्धिकगंज पुलिस द्वारा एक जून से सम्पूर्ण भारत मे लागू होने वाले नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2024 के संबंध मे सिद्धिकगंज पुलिस द्वारा सिद्धिकगंज बस स्टैंड पर जनसंवाद किया। विदित है की अभी तक भारतीय दंड संहिता और दंड प्रक्रिया संहिता वर्तमान में प्रचलन में थी। लेकिन दिनांक 1 जुलाई से नवीन कानून लागू हो जाएंगे। इस प्रकार आइपीसी के स्थान पर बीएनएस और सीआरपीसी के स्थान पर बीएनएसएस के अंतर्गत पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

## राजगढ़ में आवश्यकता से अधिक दो दर्जन शिक्षक पदस्थ

# देहरीनाथ संकुल में 7 स्कूल शिक्षक विहीन, अटैचमेंट से चला रहे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

षिक्षा विभाग में जो न हो जाए वो कम है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में जहां जैसे-तैसे अटेचमेंट के जरिए पढ़ाई करवाई जा रही है वहीं शहरी क्षेत्र के स्कूलों में आवष्यकता से अधिक षिक्षकों की पोस्टिंग विभाग ने करवा रखी है।




दूसरे शब्दों में कहा जाए तो अपनी पहुंच, रसूख और राजनैतिक कारणों से 2 दर्जन से अधिक शिक्षक अतिषेष होकर राजगढ़ के विभिन्न स्कूलों में अंगद की तरह पैर जमाकर बैठे हैं। अनेकों सालों से इन अतिशेष शिक्षकों को कोई टस से मस नहीं कर पाया है। ये शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में जाना ही नहीं चाहते। राजगढ़ ब्लॉक के ही देहरीनाथ संकुल की यदि बात करें तो यहां के आठ स्कूल शिक्षक विहीन जैसे हैं। इन आठों स्कूलों में संकुल के अन्य स्कूलों के शिक्षकों को अटैच करते हुए जैसे-तैसे शिक्षण कार्य करवाया जा रहा है। अब अगर दूसरे स्कूल के शिक्षकों को इन शालाओं में भेजा जा रहा है तो निश्चित रूप से उस संबंधित स्कूल में अध्यापन व्यवस्था प्रभावित हो रही होगी लेकिन विभाग के अधिकारी इस ओर से आंख मूंदकर बैठे हुए हैं।

### देहरीनाथ की इन शालाओं में अटैचमेंट से दिए हैं षिक्षक

राजगढ़ ब्लॉक के देहरीनाथ संकुल में कुल 37 प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाएं आती हैं। माध्यमिक विद्यालय छायन में करीब 70 बच्चे दर्ज हैं लेकिन यहां स्थाई रूप से षिक्षक ही नहीं है। प्राथमिक विद्यालय गुराड़खेड़ा, प्रावि दौलतपुरा, प्राथमिक शाला छुवाल्डिया में भी अनेक बच्चे दर्ज हैं। इसी तरह माध्यमिक शाला रामपुरिया में भी षिक्षक नहीं है। यहां पदस्थ एक षिक्षक को डीएड के प्रशिक्षण के लिए भेजा गया है। उक्त सभी स्कूलों में समीप के अन्य स्कूलों से एक-एक शिक्षक का अटैचमेंट करते हुए पढ़ाई करवाई जा रही है। यही हाल इसी संकुल की माध्यमिक शाला बलबहादुरपुरा, प्राथमिक शाला बहादुरपुरा का भी है।

### पिपलोदी, हिनोती में 200 बच्चों पर सिर्फ 1-1 शिक्षक

राजगढ़ ब्लॉक की एकीकृत शाला पिपलोदी में 211 बच्चे अध्ययरत हैं लेकिन एक ही शिक्षक यहां पदस्थ है। इसी तरह एकीकृत शाला हिनोती में भी लगभग 200 बच्चे दर्ज हैं लेकिन पढ़ाने के लिए सिर्फ एक ही शिक्षक की व्यवस्था यहां पर है। इसी तरह माध्यमिक शाला देहरा में भी 80 से ज्यादा छात्र दर्ज हैं लेकिन सिर्फ एक ही षिक्षक को अटैच करते हुए जैसे-तैसे पढ़ाई करवाई जा रही है।

### 30 बच्चों पर एक शिक्षक का है प्रावधान

शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार किसी भी स्कूल में 30 बच्चों के ऊपर एक शिक्षक को होना जरूरी है। यदि, उस स्कूल में 60 बच्चे दर्ज हैं तो ऐसे में दो षिक्षक तो अनिवार्य रूप से पदस्थ होना ही चाहिए। इसके ठीक उलट 70 से 100 संख्या वाले स्कूलों में भी स्थाई रूप से षिक्षक पदस्थ नहीं हैं और अटैचमेंट के जरिए व्यवस्था बनाई गई है।

**इनका कहना है**

अन्य शालाओं से अटेचमेंट करके शिक्षक विहीन स्कूलों में पढ़ाई की व्यवस्था हमने बना रखी है। उक्त समस्या से उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा चुके हैं।

**मांगीलाल चैहान**
संकुल प्राचार्य, देहरीनाथ संकुल, राजगढ़

# तौल कांटा के सुधारने तथा सील लगाने के नाम पर खुली लूट

## दो दिन में कैंप समाप्त, कई व्यापारी के तौल कांटे नहीं सुधरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

राजगढ़ जिले में समस्त व्यापारी जैसे किराना गल्ला,मंडी सहित अन्य प्रकार के सामानों की खरीदी बिक्री जो तोल काटे से होती उन कांटो का प्रतिवर्ष नापतोल विभाग सत्यापन करता है तथा विभाग के माध्यम से तौल कांटों में त्रुटि सुधार भी कराया जाता हैं। ताकि उपभोक्ताओं को नियमनुसार सामग्री मिल संके। लेकिन सारंगपुर में कई तौल कांटे ऐसे है जिनकी और किसी ने भी ध्यान नही दिया। नापतोल विभाग समय समय पर कैंप लगाकर कुछ कांटो की जांच कर इतिश्री कर लेता है बाद में जब कैंप लगता हे तो शेष बचे तौल कांटे पर सील एवं सत्यापन नही होने की धमकी देकर व्यापारियों से मोटी रकम वसूली जाती हैं। हाल ही में सारंगपुर में नापतोल विभाग की और से ठेकेदार के माध्यम से कांटा सुधारक एवं सील सत्यापन के लिए कैंप आयोजित किया। दो दिन में कैंप का ही समापन कर इतिश्री कर दी जबकि मौके पर नापतोल अधिकारी खुद दो दिन कैंप पर मौजूद रही । इस दौरान कांटा सत्यापन एवं सुधारक के नाम पर खुली लूट की गई ।

**इनका कहना है**

विभाग की और से कैंप आयोजित किया गया था किंतु बारिश के कारण दो दिन में समाप्त कर दिया गया है जुलाई में फिर कैंप आयोजित होगा। रही बात पेट्रोल पम्प के नापतोल के सत्यापन की ऊपर से आदेश आने के बाद ही किया जायेगा।

**मीना मंडल** नापतोल अधिकारी राजगढ़

### कईदुकानदारों का कांटो का सत्यापन शेष

*सारंगपुर में लगभग एक हजार छोटे मोटे तोल कांटे चल रहें हैं लेकिन वे तौल कांटे मानक स्तर पर कितने सही और कितने गलत हे इसकी जानकारी दुकानदार के अलावा नापतौल भिाग को रहती हैं दुकानदार और नापतौल विभाग की सांठगांठ कहें या नापतौल विभाग की लापरवाही यह तो दोनों ही आपस में अच्छे से बता सकते हे किंतु आम उपभोक्ताओं एवं किसानों को क्या पता की जहां समान खरीद रहे या बेच रहें उनके कांटे सही है या नही है।*

### मंडी एवं पंप का भी नही हुआ सत्यापन

*प्रतिवर्ष तौल कांटे के सत्यापन के लिए जिला स्तर पर नापतौल विभाग कार्यरत हैं लेकिन विभाग के अधिकारी क्या करते हैं किसी को कोई पता नहीं रहता हैं नियमानुसार प्रतिवर्ष तोल कांटे के सत्यापन के साथ ही पैट्रोल पंप एवं कृषि उपज मंडी के तौल कांटों का सत्यापन भी अनिवार्य हैंलेकिन सारंगपुर में अभी तक मंडी एवं पेट्रोल पम्प के कांटो की जांच नहीं हुई है।*

# एक परिवार के चार लोगों पर धारदार हथियार से हमला कर किया घायल

## पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ किया बलवा करने का केस दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

समीपवर्ती गांव तेजपुरा में लाठी डंडा और फरसी से हमला कर मारपीट कर एक ही परिवार के चार लोगों को गंभीर घायल कर दिया। इस घटनाक्रम को लेकर पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ बलवा सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तेजपुरा निवासी राधेश्याम पिता पन्नालाल माली 45 साल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गत दिवस 28 जून शुक्रवार की रात 8 बजे के लगभग आरोपी मोहन पिता शिवनारायण, अशोक पिता मोहन, सूरज पिता मोहन, पंकज पिता मोहन, होकम पिता बालु, रामबाबू पिता होकम, मुकेश पिता होकम 8. मांगीलाल पिता हीरालाल, रामेश्वर पिता मांगीलाल, देवीलाल पिता मांगीलाल, तोलाराम पिता हीरालाल, जगदीश पिता शिवनारायण, कमल पिता जगदीश, रतनलाल पिता तोलाराम जाति माली सभी निवासी ग्राम तेजपुरा (करणपुरा) ने फरियादी व उसकी पत्नी, बेटी ओर बेटा को मकान पर पर बरसादी पन्नी डालने की बात पर आरोपियों ने एक मत होकर लाठी डंडा ओर फरसी से हमला कर गंभीर घायल कर दिया। और जान से मारने की धमकी देकर चले गए।घायलों को तत्काल ग्रामीणों के द्वारा सिविल अस्पताल जीरापुर लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के दौरान गम्भीर चार घायलों को बाहर रेफर कर दिया।

## कार्यकर्ताओं का किया आभार

# सांसद एवं मंत्री ने किया पौधरोपण



सारंगपुर । भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के नेतृत्व में शनिवार को नवनिर्वाचित सांसद रोडमल नागर का प्रथम नगर आगमन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज पालीवाल के द्वारा भाजपा कार्यालय पर समस्त मोर्चा मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में नवनिर्वाचित सांसद रोडमल नागर एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल का भव्य स्वागत किया । स्वागत उपरांत भाजपा कार्यालय के सामने पौधरोपण किया। पौधरोपण के पूर्व सांसद नागर ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा की हमारी तीसरी बार सरकार आप सभी के सहयोग से बनी है। इसके पूर्व राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कार्यकर्ताओ का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि मंत्री पद पर आप सबका अधिकार है आपकी ताकत से ही सारंगपुर को मंत्री पद मिला है। सारंगपुर विधानसभा का एक एक कार्यकर्ता अपने आपको मंत्री समझे। सम्मान समारोह के दौरान पूर्व विधायक कुंवरजी कोठार,जनपद अध्यक्ष देव नागर,नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा सहित पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शहीद के नाम होगा विद्यालय

**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश में अब शहीदों के नाम पर चैक चौराहा स्कूल आदि के नामकरण होंगे मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार कलेक्टर राजगढ़ के द्वारा पत्र जारी करते हुए स्वर्गीय अंबा राम मालवीय निवासी ग्राम सैदाबाग सारंगपुर के होकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में सेवारत थे देश सेवा में उनका बलिदान हमेशा याद रखने एवं उनकी देश भक्ति की सदेव प्रेरणा मिलती रहें इसके लिए शासकीय माध्यमिक विद्यालय सैदाबाग का नाम अमर शहीद अंबाराम मालवीय शासकीय माध्यमिक विद्यालय सैदाबाग किया गया हैं।

### आखिर कब आएगा घर के नलों की टोंटी में पानी

खिलचीपुर। ग्राम पंचायत भोजपुर में अब नहाने धोने के पानी की तो दूर की बात पीने के पानी के लिये लोग तरस रहे हैं , न ही बारिश हो रही है न नलों में पानी आ रहा है। नल जल योजना अभी तक चालू नहीं की गई है। 3 महीने बीत चुके हैं अभी तक सिर्फ टेस्टिंग ही चल रहा है।, जिम्मेदारों के लापरवाही के चलते ठेकेदार द्वारा लाइन चालू करने में देरी की जा रही है। जिसका खामियाजा ग्राम वासियों को भुगतना पड़ रहा है। ,क्षेत्र में जलस्तर बहुत गहराई में जाने से कुआं , बावड़ी । ट्यूबवेल आदि सूख गये है। महंगे दामों में पीने का पानी पीकर गुजारे को मजबूर ग्राम वासी परेशान है । शासन व जनप्रतिनिधियों का भी इस ओर ध्यान नहीं है।ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव का नहीं इस ओर कोई ध्यान।ग्राम वासियों की पीने के पानी की समस्या पर ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव भी ध्यान नहीं दे रहे हैं जबकि ग्राम पंचायत का दायित्व बनता है कि लोगों को पीने के पानी की व्यवस्था करें, ऐसे में ग्राम वासी सरपंच, सचिव सहित सरकार को कोसते हुए दिखाई दिए।

## शादी समारोह में की थी वारदात

# चोरी का 10 तोला सोना, 7 लाख नकदी सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ



जिले के उदनखेड़ी स्थित एक मैरिज गार्डन में हो रहे विवाह समारोह में हुई लाखों की चोरी के मामले में पुलिस के हाथ सफलता लगी है। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले बाल अपचारी समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनसे 10 तोले सोने के आभूषण, 7 लाख रुपए नकदी सहित अन्य सामान बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार 28 जनवरी 2024 को उदनखेड़ी के एक मैरिज गार्डन में विवाह समारोह चल रहा था। इस दौरान दुल्हन की माताजी के पास रखे गहनों से भरे बैग को अज्ञात चोर ने चुरा लिया था।

चोरी गए बैग में करीब 30 तोले सोने की ज्वेलरी, 3 एंड्राइड मोबाइल सहित नकदी एवं गिफ्ट लिफाफे रखे हुए थे। मामले में पचोर पुलिस ने उस समय रवि पटेल की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज किया था। पचोर टीआई आकांक्षा शर्मा के विश्वसनीय सूत्रों एवं सटीक मुखबिर तंत्र के जरिए आखिरकार उक्त चोरी का पर्दाफाष कर दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में अनिकेष सिसोदिया निवासी कड़िया, उमराव पिता दरियाव सिंह निवासी कड़िया, राज पिता अषोक सिसोदिया निवासी दाहोद गुजरात, आनंद पिता विजय सिसोदिया निवासी दाहोद गुजरात एवं एक बाल अपचारी शामिल हैं।

# ईसागढ़ में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**अशोकनगर।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ईसागढ़ के नवीन कार्यालय भवन के शुभारम्भ अवसर पर शनिवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी, अध्यक्ष नगर परिषद ईसागढ नीति शिवेन्द्र यादव,अनुविभागीय अधिकारी ईसागढ़ शुभ्रता त्रिपाठी, सरपंच ग्राम पंचायत आकलोन, अभिभाषकगण, गणमान्य नागरिक, पत्रकार बन्धु खंड स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं तहसील ईसागढ़ नईसराय का स्टाफ उपस्थित रहा। पौधरोपण कार्यक्रम में 275 पर्यावरण अनुकूल फलदार एवं छायादार पौधों को लगाया गया। कलेक्टर द्वारा ईसागढ नगर के सिंह सागर तालाब में बनाये जा रहे वायपास रोड का एवं फूक बावडी का निरीक्षण किया। फूक वावडी के जीर्णोद्वार में नगर के लोगों द्वारा किये जा रहे श्रमदान की सराहना की।

## गुजरात की तर्ज पर परिवहन चौकियों को किया जा रहा अपडेट

# राजस्थान सीमा पर होंगे रोड सेफ्टी व इंफोर्समेंट प्वाइंट

**राजगढ़।** प्रदेश सहित जिले की अंतराज्जीय सीमाओं को शासन द्वारा अपडेट कर आधुनिक रूप देते हुए वाहन चालकों, आमजनों की सुविधा हेतु निर्णय लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में एनएच-52 पर खिलचीपुर के आगे राजस्थान बार्डर स्थित चेकपोस्ट को भी अपडेट करते हुए चेकपोस्ट की जगह अब रोड सेफ्टी एवं इंफोर्समेंट प्वाइंट डेवलप किए जाएंगे।

गुजरात की तर्ज पर यह सब किया जाने वाला है। वर्तमान में जो राजस्थान बार्डर पर परिवहन चोकी है उसे उन्नत रूप देते हुए वहां पर्याप्त बल मुहैया करवाने के साथ ही कार्य करवाए जाएंगे। अन्य राज्यों से जिले की सीमा के जरिए प्रदेष में आने वाले वाहन कहीं टैक्स चोरी तो नहीं कर रहे हैं। इसके साथ ही हाईवे के एक्सीडेंट प्वाइंटों एवं दुर्घटनों पर इन प्वाइंटों पर तैनात पुलिसकर्मियों, होमगार्ड सैनिकों द्वारा नजर रखी जाएगी। दूसरे शब्दों में कहें तो परिवहन चोकियों को ही नवीनीकृत करते हुए आधुनिक रूप दिया जाना वाला है। यह पूरी प्रक्रिया अभी प्रारंभिक चरण में है एवं मुख्यमंत्री के निर्देशों पर परिवहन विभाग आगे कार्ययोजना बना रहा है।

### पुलिस विभाग से मांगे गए होमगार्डस

इसी क्रम में परिवहन विभाग ने उक्त इंफोर्समेंट एवं रोड सेफ्टी प्वाइंटों पर तैनात करने जहां पुलिस विभाग से सब-इन्सपेक्टर एवं सहित 6 होमगार्ड सैनिक उपलब्ध करवाने की मांग की गई है।

**इनका कहना है....**

परिवहन चोकियों को नया रूप देकर इंफोर्समेंट प्वाइंट के रूप में डेवलप किए जाने की प्रक्रिया शासन स्तर से शुरू हुई है। प्रक्रिया प्रारंभिक चरण में है। आगामी दिनों में ऊपर से मिलने वाले निर्देषों के अनुसार हम चोकियों को उन्नत करेंगे।

**ज्ञानेंद वैष्य,** आरटीओ, राजगढ़

## डीजल की मच गई लूट

# नेवज के बड़े पुल पर टैंकर और कुंडक्या नाले में पलटी पिकअप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शहर की सीमान्तर्गत शनिवार दोपहर हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर पलटी मार गए। दोनों हादसे हाईवे पर हुए हैं। एक हादसा नेवज नदी के बड़े पुल के समीप हुआ वहीं दूसरे हादसे में खिलचीपुर रोड पर कुंडक्या नाले में एक पिकअप वाहन पलटी मार गया। जानकारी के अनुसार डीजल से भरा हुआ टैंकर ब्यावरा तरफ जा रहा था।

इस दौरान दोपहर करीब 12.30 बजे यह टैंकर नेवज नदी की बड़ी पुलिया के नजदीक किशनगढ़ ग्राम के ठीक सामने पलटी मार गया। टैंकर पलटते ही आसपास के कुछ असामाजिक तत्वों ने टैंकर में से डीजल की लूटपाट मचाना शुरू कर दी। हालांकि, सूचना के कुछ देर बाद ही कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और टैंकर को अपनी कस्टडी में ले लिया। टैंकर चालक को इस हादसे में मामूली चोंट आई है।

### एक्टीडेंटल प्वाइंट पर पिकअप पलटी

एक अन्य हादसा हाईवे पर ही खिलचीपुर रोड पर एक्सीडेंटल प्वाइंट कुंडक्या नाले के यहां हुआ। इसमें एक पिकअप वाहन चालन नाले के समीप ही खाई में पलटी मार गया। हादसे में वाहन में सवार ड्राइवर को मामूली चोंट पहुंची है। उक्त दोनों घटनाओं में ईष्वरीय कृपा से जनहानि होने से बच गई।

## मां मंशापूर्ण वैष्णोदेवी मंदिर ट्रस्ट ने किया राज्यमंत्री का सम्मान

# पद तो आते जाते रहते हैं, लेकिन सेवा समर्पण हमेशा बना ही रहना चाहिए: नारायण पंवार

**बोले, क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

राजनीतिक जीवन में पद प्रतिष्ठा तो आते जाते रहते हैं, लेकिन सेवा और समर्पण का भाव हमेशा रहना चाहिए। राजनीति में इतने लोग पद प्रतिष्ठा प्राप्त करते हैं। लेकिन सम्मान कुछ ही लोगों को मिलता है। जिसका कारण उनका समर्पण और सेवा भाव होता है। साथ ही उनका विनम्र स्वभाव भी होता है। यह बात स्थानीय मां मंशापूर्ण वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने कही।

उन्होंने कहा कि पद आते जाते रहते है, लेकिन इनके आने जाने से व्यक्ति के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आना चाहिए। साथ ही विनम्रता के साथ लोगों के जीवन स्तर को बदलने का कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट ने राज्यमंत्री का विशेष रूप से स्वागत सम्मान किया। मंदिर ट्रस्ट की ओर से उन्हें मां मंशापूर्ण वैष्णोंदेवी का चित्र एवं त्रिशूल भेंट किया। आयोजन में मंच पर अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन



कुशवाह, पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जसवंत सिंह गुर्जर, पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश जोशी, पार्षद हेमलता शर्मा, कैलाश कुशवाह, रामबाबू तिवारी, ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल खस उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट जितेंद्र जोशी ने किया जबकि आभार सुनील आर्य ने व्यक्त किया।

**मिलजुलकर करेंगे मंदिर परिसर में विकास कार्य:** इस अवसर उन्होंने कहा कि मां मंशापूर्ण वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट नगर में धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मंदिर परिसर को भव्यता प्रदान करना हम सब की जिम्मेदारी है। कोई एक व्यक्ति इस जिम्मेदारी को पूरा नहीं कर सकता। हम सब मिलजुल कर इस कार्य को करेंगे। मंदिर ट्रस्ट और नगर के गणमान्य नागरिक मिलकर मंदिर परिसर को भव्य एवं सर्व सुविधायुक्त बनाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने राज्यमंत्री का स्वागत सम्मान किया। मंदिर ट्रस्ट के संयोजक अखिलेश जोशी, अध्यक्ष कमल खस,



संरक्षक कैलाश कुशवाह, विनोद शिवहरे, जितेंद्र जोशी, सुनील आर्य, जगदीश सक्सेना, सुभाष पालीवाल, संजय तिवारी,विजय अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, दिनेश साहू, धर्मेंद्र जोशी, नरेंद्र चैहान, राजू यादव, चरणजीत सरदार, संजय तिवारी, गिर्राज करोड़िया, नवीन शर्मा, श्रवण गहलोत, योगेंद्र सिंह राज्यमंत्री का सम्मान किया।

### ब्यावरा में लाएंगे मोहनपुरा से पेयजल

पंवार ने कहा कि मुझ यह अवसर मिला है तो इसका उपयोग क्षेत्र के विकास के लिए करूंगा। मेरा सबसे बड़ा प्रयास ब्यावरा में पेयजल के संकट को दूर करना है और इस पर कार्य भी शुरू कर दिया है। ब्यावरा में पेयजल के लिए मोहनपुरा से पानी लेकर आएंगे।